बरेली, सोमवार
18 मई, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=20

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO.- 4 : MIDDLE

रिद्धिमा में जोधा अकबर

नृत्य नाटिका ने मोहा मन

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (17 May): एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार शाम को कथक गुरुजन और विद्यार्थियों द्वारा नृत्य नाटिका जोधा अकबर का शानदार मंचन किया गया. इस प्रस्तुति ने अपनी बेहतरीन अदाकारी और नृत्य के जरिए दर्शकों को प्रेम, विश्वास और सांस्कृतिक एकता का संदेश दिया. नाटक में दिखाया गया कि विचारों और धर्म की भिन्नता के बावजूद सम्राट अकबर और राजपूत राजकुमारी जोधा के बीच प्रेम व आपसी सम्मान का गहरा रिश्ता था. कथक के माध्यम से राजपूताना संस्कृति, लोक संगीत और मगलकालीन भव्यता को मंच पर जीवंत किया गया. नाटक का मुख्य आकर्षण वह दृश्य रहा जहां अकबर और जोधा ने दरबार में हो रहे धार्मिक विवाद को शांत कराते हुए संदेश दिया कि ईश्वर तक पहुंचने के मार्ग अलग हो सकते हैं, परंतु उद्देश्य मानवता और प्रेम ही है.इस दौरान कार्यक्रम में अकबर की भूमिका कथक गुरु देवज्योति नास्कर और जोधा की भूमिका कथक गुरु रियाश्री चटर्जी ने निभाई जोधा के बचपन के रोल में नितारा लूथरा और सूत्रधार के रूप में देविशा मूर्ति ने प्रभाव छोड़ा. विद्यार्थियों ने केसरिया बालमा, छाप तिलक, ख्वाजा मेरे ख्वाजा जैसे गीतों पर मनमोहक कथक नत्य पेश किया.